महत्वपूर्ण एवं खास

बुलेट चोरी,अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के तेलीबांधा इलाके से एक व्यक्ति की दो-पहिया बाइक चोरी कर लेने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक अवनी विहार दलदल सिवनी मोवा निवासी नीतिन कुमार रमानी 25 वर्ष ने तेलीबांधा थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी 24 सितंबर को रात्रि करीबन 10 बजे अपनी बुलेट ब्लेक कल, माडल 2021 क्रमांक सीजी 04 एनजे 1723 अनुमानित कीमत 80000 रुपये को ऐश्वर्या रेसीडेंसी के बाजू, आईडीबीआई बैंक के सामने खड़ी करके डुमरतराई क्रिकेट खेलने चला गया था। वापस रात्रि करीब 02/30 बजे आया तब खड़ी किये स्थान पर बुलेट नही मिला। किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

आईईडी लगाकर विस्फोट से नक्सली स्मारक को किया ध्वस्त

सुकमा (आरएनएस)। जिले के ग्राम अरलमपल्ली में ध्वस्त नक्सली स्मारक को नक्सलियों द्वारा पुनः बनाये जाने की सूचना पर सीआरपीएफ 74 वीं बटालियन और डीआरजी के जवानों ने नक्सलियों के भारत बंद से एक दिन पहले आईईडी लगाकर विस्फोट कर नक्सली स्मारक को ध्वस्त कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 जुलाई को जवानों ने इसी नक्सली स्मारक को जेसीबी से ध्वस्त किया गया था, लेकिन नक्सलियों ने इसका दोबारा निर्माण करवा लिया था, जिसकी जानकारी मिलने पर आज सीआरपीएफ 74 वीं बटालियन और डीआरजी के जवान मौके पर पंहुचकर आईईडी विस्फोट से ध्वस्त कर नक्सलियों को अपने ईरादे स्पष्ट कर दिया है। नक्सलियों के बंद के मद्देनजर सुरक्षाबलों ने सर्चिंग अभियान भी तेज कर दिया है।

2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन शिक्षक करेंगे सत्याग्रह

जगदलपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिशन के ब्लाक स्तीय बैठक में अध्यक्ष मनीष ठाकुर ने संघ के आगामी सत्याग्रह कार्यक्रम की रूपरेखा को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि प्रांतीय निर्देशानुसार गांधी जयंती के दिन को शिक्षक सत्याग्रह के रूप में मनायेंगे और अपनी लंबित मांगों को शांति पूर्वक शासन के समक्ष रखेंगे। प्रमुख मांगों में संविलियन की पूर्व सेवा अवधि को मान्य करना, पदोन्नती, क्रमोन्नती, वेतन विसंगति, अनुकम्पा नियुक्ति, वेतनवृद्धि, महंगाई भत्ता एवं ब्लाक स्तरीय समस्याएं शामिल है। बैठक में प्रांतिय पदाधिकारी कमला शर्मा, जिला पदाधिकारी हुड़दानंद पाण्डे एवं हरेन्द्र राजपूत सहित ब्लाक पदाधिकारी शामिल थे।

24 घण्टे के अंदर नाबालिक अपहृता को बांगो पुलिस ने किया गया बरामद

कोरबा (आरएनएस)। बांगो थाना में अपहृत नाबालिक बालिका के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि नाबालिक अपहृता 22 सितंबर 2021 को रात 09 बजे से गायब है , जिसका परिजनों द्वारा आसपास रिश्तेदारी में पता किया जो पता नही चल पा रहा है किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण किए जाने की आशंका है । नाबालिक अपहृता के पिता के रिपोर्ट पर थाना बांगो में अपराध क्रमांक-167/2021 धारा-363 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। नाबालिक बालिका सम्बन्धी संवेदनशील मामला होने से पुलिस अधीक्षक कोरबा भोज राम पटेल द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व एएसडीओपी कटघोरा ईश्वर त्रिवेदी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बांगो राजेश पटेल को नाबालिक अपहृता के तलाश किये जाने के निर्देश दिए गए ।

नवरात्रि में मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में प्रतिबंधों के साथ दर्शन की होगी अनुमति

» पदयात्रा, मेला, मीनाबाजार, झूले पर रहेगा प्रतिबंध

» मां बम्लेश्वरी मंदिर दर्शन के लिए एप में करना होगा रजिस्ट्रेशन

» दर्शन के लिए कोविड-19 जांच रिपोर्ट और वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट होगा अनिवार्य

राजनांदगांव (आरएनएस)। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा एवं पुलिस अधीक्षक डी श्रवण ने मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 7 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाली क्वांर नवरात्रि पर्व के संबंध में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक ली। इस अवसर पर अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण एवं डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर बघेल उपस्थित रहे। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि कोविड-19 संक्रमण पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। अक्टूबर माह में तीसरी लहर आने की आशंका को देखते हुए डोंगरगढ़ में नवरात्रि में प्रतिबंध अनिवार्य है। कोविड-19 संक्रमण से सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रोटोकॉल का पालन करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षो से मां बम्लेश्वरी मंदिर में मेला प्रतिबंधित किया गया है। आंशिक छूट के साथ सिर्फ दर्शन करने की अनुमति होगी। कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य होगा। 72 घंटे की कोविड-19 जांच रिपोर्ट के बिना प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। साथ ही

कोरोना टीका के दोनों डोज की रिपोर्ट भी साथ लेकर आना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी डोंगरगढ़ के लिए स्पेशल ट्रेन की अनुमति नहीं होगी। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क रहे। उन्होंने पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग को चेक पाईंट में टीम बनाकर तैनात करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ मंदिर ट्रस्ट से सहयोग की बात कही। उन्होंने कहा कि जिले की सीमा महाराष्ट्र से लगे होने के कारण वहां से अधिक दर्शनार्थी आते है। इसलिए अधिक सतर्क रहे। कोविड-19 जांच और टीकाकरण रिपोर्ट की जांच जरूर करें।

अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण एवं डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा कि मां बम्लेश्वरी मेला कोविड-19 संक्रमण के कारण पिछले डेढ़ वर्षो से बंद रहा है। जिससे आर्थिक स्थिति पर प्रभाव पड़ा है। प्रतिबंधों के साथ दर्शन करने की अनुमति होनी चाहिए। दर्शनार्थी कोविड-19 प्रोटोकॉल का अनिवार्य रूप से पालन करें। साथ ही कोविड जांच सर्टिफिक्रेट अनिवार्य रूप से रखें। मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति सेनेटाईज जरूर कराएं। पुलिस अधीक्षक डी श्रवण ने कहा कि कोविड-19 संक्रमण का खतरा टला नहीं है। जिले की सीमा महाराष्ट्र से लगे होने के कारण अधिक संख्या में यात्री यहां आते हैं, इसलिए अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। चेक पाईंटो में यात्रियों की जांच के बाद प्रवेश की अनुमति होगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने कहा कि अक्टूबर और नवम्बर महीने में तीसरी लहर की पीक आने की संभावना है इसलिए अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। नवरात्रि में लाखों दर्शनार्थी यहां माता के दर्शन के लिए पहुंचते है इसलिए कोविड-19 से सुरक्षा के लिए प्रोटोकॉल का पालन करना जरूरी है। पिछली नवरात्रि की तरह इस नवरात्रि में भी कार्य करेंगे। डॉक्टर की टीम चेक पाईंट और रेल्वे स्टेशन में तैनात रहेगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण किया जा रहा है। मंदिर दर्शन के पहले टीकाकरण अनिवार्य कराएं। मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के प्रतिनिधि ने भी इस संबंध में सुझाव व्यक्त किए।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ क्वांर नवरात्रि में प्रतिबंधों के साथ दर्शन की अनुमति होगी। पदयात्रा, मेला, मीनाबाजार, झूले पूर्णतः बंद रहेंगे तथा मेला आयोजित नहीं होगा। परंपरागत रूप से माता की पूजा-अर्चना की जाएगी, केवल मंदिर में दर्शन की अनुमति होगी। मां बम्लेश्वरी मंदिर के 10 किलोमीटर पहले मुरमुंदा, चिचोला तथा अन्य डोंगरगढ़ आने वाले रास्तों में चेक पॉईंट बनाएं जाएंगे।

छत्तीसगढ़ में अब तक 1083.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक 1 जून 2021 से अब तक राज्य में 1083.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 26 सितम्बर तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार कोरबा जिले में सर्वाधिक 1496.6 मिमी और कबीरधाम जिले में सबसे कम 876.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 943.6 मिमी, सूरजपुर में 1263.8 मिमी, बलरामपुर में 1049.9 मिमी, जशपुर में 1104.7 मिमी, कोरिया में 1013.7 मिमी, रायपुर में 925.1 मिमी, बलौदाबाजार में 980.4 मिमी, गरियाबंद में 1054.2 मिमी, महासमुंद में 916.2 मिमी, धमतरी में 1001.5 मिमी, बिलासपुर में 1071.9 मिमी, मुंगेली में 1077.4 मिमी, रायगढ़ में 927.8 मिमी, जांजगीर चांपा में 1129.6 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1378.3 दुर्ग में 989.6 मिमी, राजनांदगांव में 964.7 मिमी, बालोद में 915.3 मिमी, बेमेतरा में 1189.4 मिमी, बस्तर में 1074.9 मिमी, कोण्डागांव में 1076.3 मिमी, कांकेर में 1009.5 मिमी, नारायणपुर में 1242.0 मिमी, दंतेवाड़ा में 1125.7 मिमी, सुकमा में 1362.2 मिमी, और बीजापुर में 1179.4 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

नक्सलियों के भारत बंद 27 सितंबर को सिलगेर में एक बड़े आंदोलन की तैयारी

» आंदोलन के समर्थन में पोस्टर-बैनर की डिजाइन और इसमें लिखी भाषा व मांगें नक्सलियों द्वारा जारी की जाने वाले पोस्टर-बैनरों से मिलती जुलती है

सुकमा (आरएनएस)। जिले के सिलगेर में पुलिस कैंप के विरोध में 12 मई से शुरू हुए आंदोलन को नक्सलियों के दबाव में किसी न किसी बहाने से अनवरत जारी है, और अब 27 सितंबर को सिलगेर में एक बड़े आंदोलन की तैयारी की जा रही है। वहीं दूसरी ओर 27 सितंबर को सिलगेर में आंदोलन की घोषणा

की गई है, उसी दिन नक्सलियों की ओर से भी भारत बंद का आह्वान भी किया गया है। इस आंदोलन में भीड़ जुटाने के लिए कई प्रकार के पर्चे, बैनर गांव-गांव में बांटे जाने और कुछ गांवों में मुनादी कराये जाने की सूचना मिल रही है। 27 सितंबर को सिलगेर में आंदोलन के समर्थन में बनाए गए पोस्टर-बैनर की डिजाइन और इसमें लिखी भाषा व मांगें नक्सलियों द्वारा जारी किए जाने वाले पोस्टर-बैनरों से मिलती जुलती है। पोस्टर-बैनरों को लेकर पुलिस ने इस मामले में सख्त ऐतराज व्यक्त किया है, हालांकि पुलिस की ओर किसी भी संगठन को सीधे नोटिस या चेतावनी जारी नहीं की गई है।

उल्लेखनिय है कि नक्सलियों ने 21 से 27 सितबंर तक 17 वां स्थापना वर्षगांठ मनाने का ऐलान किया हुआ है और 27 सितंबर को ही भारत बंद का आह्वान किया है । ऐसे में अब सिलगेर आंदोलन और उसी दिन भारत बंद के आह्वान के चलते पुलिस ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम में लगी हुई हैं। यह सर्वविदित है कि सिलगेर और उसके आसपास का पूरा इलाका नक्सल प्रभावित माना जाता है, और इस इलाके में नक्सलियों की बड़ी उपस्थिति होती है और इसी दिन यहां आंदोलन होने से सुरक्षा बलों के लिए बड़ी चुनौती है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. का कहना है कि अभी हम लोगों को समझा रहे हैं कि यदि कोई भी नक्सली बहकावे में आ रहा है तो वह उनसे दूर हो जाएं, हमारी चेतावनी के बाद भी यदि कोई भी संगठन या लोग नक्सलियों के समर्थन वाली बात कहेंगे तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।

कोरबा पुलिस की कार्यवाही, 280 नग नशीली टेबलेट सहित दो आरोपी गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस) नशे के विरुद्ध कोरबा पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। जिसमे कुसमुण्डा पुलिस ने 280 नग नशीली टेबलेट सहित दो आरोपी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जो आरोपियों से जो टेबलेट बरामद किया है जिसकी कीमत लगभग 80हजार रुपए है। पुलिस ने नशीली टेबलेट के साथ दो मोटरसाइकिल भी जप्त किया है। पूछताछ करने पर नशीली दवाईयों को बेचने के लिये रखना तथा ग्राहक इंतजार करना बताये। मौके पर ही आरोपीगण से बरामद 280 नग कैप्सूल एवं 2 मोटरसाइकिल एवं 2 नग मोबाइल जप्त कर धारा 22 नारकोटिक्स एक्ट के अंतर्गत विधिवत कार्यवाही कर आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। बरामद कैप्सूल कुल वजन 187.3 ग्राम है, जिसका वास्तविक बाजार मूल्य करीब 2 हजार रुपए है। किंतु आरोपीगण द्वारा प्रति कैप्सूल 200 रुपए में बवचा जाता था इस तरह इसका मूल्य करीब 80 हजार रुपए है ।

पुलिस अधीक्षक कोरबा भोजराम पटेल द्वारा सभी थाना एवम चौकी प्रभारियों को अपराधिक गतिविधियों तथा अवैध धंधों में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने , जिले में सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत अभियान चलाकर आम जनता को नशाखोरी एवं अन्य सामाजिक बुराइयों के दुष्प्रभाव के बारे में बता कर इन बुराइयों से दूर रहने की समझाइश देने एवं इस कारोबार में लिप्त अपराधियों पर कठोर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं ।

पुलिस अधीक्षक भोज राम पटेल द्वारा दिए गए उपरोक्त निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा योगेश साहू, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री लितेश सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा ईश्वर त्रिवेदी के पर्यवेक्षण में जिले के समस्त थाना ,चौकी प्रभारियों द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है । इसी क्रम में थाना प्रभारी कुसमुंडा निरीक्षक लीलाधर राठौर को दिनांक 25.09.2021 को मुखबिर से सूचना मिली कि दो लड़के सीआईएसएफकैंटीन विकासनगर के पास नशीली दवाईयां रखकर बिक्री कर रहे है । इस सूचना पर घटनास्थल विकासनगर सीआईएसएफ कैंटीन के पास जाकर दो लड़कों को 2 अलग अलग मोटर सायकल के साथ संदिग्ध हालत में पकड़ कर पूछताछ किया गया , जिन्होंने अपना नाम मोहन राजपूत ऊर्फ छोटू पिता स्व. ओमप्रकाश उम्र 20 वर्ष सर्वमंगलानगर दुरपा व मनीष कौशिक पिता अशोक कौशिक उम्र 22वर्ष निवासी वैशालीनगर कुसमुण्डा का होना बताये । जिनकी तलाशी लेने पर मोहन राजपूत ऊर्फ छोटू के पास से 6 स्ट्रीप में 48 नग पाईवोन स्पास प्लस नीला रंग का केप्सूल तथा मनीष कौशिक के पास से 29 स्ट्रीप में 232 नग नीला रंग वाले पाईवोन स्पास प्लस कैप्सूल कुल 280 नग कैप्सूल बरामद हुआ।

प्रदेश में 50 लाख से अधिक लोगों को कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लगे

» पहली और दूसरी खुराक मिलाकर अब तक लगाए जा चुके हैं 1.85 करोड़ टीके

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में 50 लाख से अधिक लोगों को कोरोना से बचाव के दोनों टीके लगाए जा चुके हैं। प्रदेश में अब तक (25 सितम्बर तक) 50 लाख नौ हजार 759 लोग कोरोना वैक्सीन की दोनों खुराक ले चुके हैं। राज्य में पहली और दूसरी खुराक को मिलाकर अब तक कुल एक करोड़ 84 लाख 52 हजार 313 टीके लगाए गए हैं।

प्रदेश में तीन लाख दस हजार 234 स्वास्थ्य कर्मियों, तीन लाख 18 हजार 124 फ्रंटलाइन वर्कर्स, 45 वर्ष से अधिक के 57 लाख 26 हजार 428 और 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के 70 लाख 87 हजार 768 नागरिकों को कोरोना से बचाव का पहला टीका लगाया जा चुका है। वहीं दो लाख 59 हजार 881 स्वास्थ्य कर्मियों, दो लाख 50 हजार 123 फ्रंटलाइन वर्कर्स, 45 वर्ष से अधिक के 27 लाख 94 हजार 880 तथा 18 से 44 आयु वर्ग के 17 लाख चार हजार 875 लोगों को दोनों टीके लगाए जा चुके हैं।

इंडेन गैस एजेंसी के मैनेजर ने गैस चोरी मामले में तीन कर्मचारियों के खिलाफ कराया एफआइआर दर्ज

» गैस गोदामों में नाप तौल विभाग के टीम ने दबिश देकर गैस सिलेंडर का वजन चेक किया

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर के बीरगांव इलाके में घरेलू सिलेंडरों में कम गैस मिलने का खुलासा होने के बाद नाप तौल विभाग के अफसरों की टीम ने एक ही दिन में शनिवार को 16 गैस गोदामों में एक साथ छापा माराकर गैस सिलेंडर का वजन चेक किया लेकिन किसी भी गैस गोदाम में सिलेंडरों का वजन कम नहीं मिला। कुछ गोदामों में सिलेंडर का वजन करने वाली मशीन खराब मिली। जिनके खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को विभाग के नियंत्रक एसएस राय के नेतृत्व में बनी टीम में युवराज साहू, दामोदर प्रसाद वर्मा, सिध्दार्थ दुबे, मुकेश सोनी, करुणा गौतम, सतीश नायर आदि अफसरों ने गोदामों में जांच की। इनमें से एचपी गैस एजेंसी कन्हेरा, गणपति इंडेन चंद्रखुरी, ए स्केवयर फूड एंड ब्रेवरेज गोंदवारा, प्रतीक कलर इंडस्ट्रीज धनेली आदि जगह वजन की मशीन खराब मिली। राधा कृष्ण एग्रोटेक सरोरा उरला, आरके इंडस्ट्रीज, अमित इंडस्ट्रीज और आरआर फूड इंडस्ट्रीज दोंदेखुर्द में वजन नापने वाली मशीन खराब मिली। इसलिए इन एजेंसियों के खिलाफ प्रकरण बनाए गए हैं। वहीं अफसरों ने एचपी गैस एजेंसी कन्हेरा, आकाश गैस एजेंसी कुम्हारी, आकाश गैस धरसींवा, रुखमणी गैस एजेंसी बैरनबाजार, सांई चंद्रा गैस एजेंसी कोतवाली, गैस हाउस छोटापारा, गणपति इंडे चंद्रखुरी, गिरजा इंडेन आरंग, इंडेन गैस एजेंसी मंदिर हसौद, कोरासी गैस एजेंसी खरोरा, ए स्कवेयर फूड एंड ब्रेवरेज सरोरा उरला, प्रतीक कलर इंडस्ट्रीज धनेली, आरके इंडस्ट्रीज दोंदेखुर्द, अमित इंडस्ट्रीज दोंदेखुर्द और आरआर फूड इंडस्ट्री दोंदेखुर्द में छापा मारकर वहां सिलेंडरों का वजन किया। लेकिन कहीं भी वजन कम नहीं मिला। टंकी से गैस चोरी के मामले में अमर इंडेन गैस के मैनेजर ने शनिवार को अपने ही गैस एजेंसी के 3 कर्मचारियों के खिलाफ खमतराई थाने में लिखित में शिकायत दर्ज करवा दी है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनमुख्य छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, मान-मीडिया उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुरु सी.बी.वर्मा, श्रीमती रेकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जायेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आकलन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु पर संघ मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

मुख्यमंत्री चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के 51 वें केंद्रीय महाधिवेशन में शामिल हुए

» सबकी भागीदारी से ही समाज का विकास होता है

» राज्य में गोधन योजना से रोजगार और आय के नए स्त्रोत निकले : बघेल

महासमुंद (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज रविवार चंद्रनाहूँ कुर्मी क्षत्रिय समाज, छत्तीसगढ़ प्रदेश के 51 वें केंद्रीय महाधिवेशन में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। उन्होंने कहा कि समाज में सबकी भागीदारी से ही समाज का विकास होता है। समाज में समाजिक समरसता आती है। समाज वह है जो सबको साथ लेकर चलें इससे सबके कल्याण का रास्ता निकलता है। कार्यक्रम महासमुंद बागबाहरा रोड स्थित शांत्रीबाई स्कूल परिसर में आयोजित हुआ। यहां चंद्रनाहूँ कुर्मी क्षत्रिय समाज को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सामाजिक एकता बनाये रखने पर जोर दिया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने चंद्रोदय पब्लिक स्कूल और शांत्रीबाई महाविद्यालय के द्वितीय तल पर निर्मित अतिरिक्त निर्माण का लोकार्पण किया। दोनों द्वितीय तल पर निर्मित कार्यों की लागत 70 लाख रुपए है। इनका निर्माण छत्तीसगढ़ चंद्रनाहूँ शिक्षण समिति एवं विधायक निधि से किया गया है।

छत्तीसगढ़ चंद्रनाहूँ कुर्मी क्षत्रिय समाज के 51 वें केंद्रीय महाधिवेशन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समाज के पुरखों और विभूतियों ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने शिक्षा, कृषि, सहकारिता के साथ-साथ समाज सुधार जैसे उल्लेखनीय क्षेत्रों में भी अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं में कोई कमी नही की जाएगी। उन्होंने राज्य सरकार की सभी योजनाओं का ज़िक्र करते हुए कहा की योजनाओं से किसान, गरीब, मज़दूर चिन्ता मुक्त हुए है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में गोधन योजना से रोजगार और आय के नए स्त्रोत निकले है। वे लोग जिसके पास कोई रोजगार नहीं होता था, वे भी गोबर बेचकर रोजगार के साथ लाभ कमा रहे हैं। महिला समूह आत्मनिर्भर बन रही है उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मज़दूर न्याय योजना के तहत प्रत्येक पात्र परिवार को सालाना 6000 रुपए की राशि सीधे उनके बैंक खाते में आएगी। छत्तीसगढ़ में वृक्षारोपण कार्य को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के तहत जिन किसानों ने खरीफ वर्ष 2020 में धान की फसल ली है, अगर वो धान की फसल के बदले अपने खेतों में वृक्षारोपण करते हैं, तो उन्हें आगामी 3 साल तक प्रतिवर्ष 10 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।